भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2203** जिसका उत्तर

सोमवार, 15 मार्च, 2021 (**24** फाल्गुन, 1942 (शक)) को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग - 1 के माध्यम से माल परिवहन

2203 # श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वाराणसी-हल्दिया के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग - 1 (गंगा) में माल परिवहन संबंधी गतिविधियां शुरू हो गई हैं;

(ख) क्या रेल और सड़क परिवहन माध्यम की तुलना में जलमार्ग के माध्यम से परिवहन के किफायती होने की सीमा का पता लगाने के लिए कोई आकलन शुरू किया गया है; और

(ग) इस जलमार्ग परिवहन के दौरान पेश आ रही समस्याओं सहित वाराणसी और हल्दिया के बीच यात्रा करने में कितना समय लगता है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क): जी हां।

(ख): "एकीकृत राष्ट्रीय जलमार्ग परिवहन ग्रिड" पर राईट्स की वर्ष 2014 की रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) माध्यम और भूतल परिवहन के अन्य प्रमुख माध्यमों के बीच लागत की तुलनात्मक स्थिति निम्नानुसार है:

माध्यम	**रेलवे**	**राजमार्ग**	**आईडब्ल्यूटी**
भाड़ा (रु. प्रति टन कि.मी)	1.36	2.50	1.06.

उपर्युक्त तुलना अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) मोड के माध्यम से माल के परिवहन में लागत में पर्याप्त बचत को दर्शाती है।

(ग): नदी जलयान से वाराणसी और हल्दिया के बीच यात्रा करने में लगभग 12 से 14 दिनों का समय लगता है। जलयानों को चलाए जाने के दौरान मुख्य बाधाएं, जो प्राय: वाराणसी-दानापुर क्षेत्र में आती हैं वे 11 नं.फ्लोटिंग क्रॉस पोनटून पुलों के निर्धारित समय पर खुलने से संबंधित हैं जिन्हें गैर-बाढ़ वाले मौसम के दौरान जनता तथा हल्के वाहनों द्वारा नदी को पार करने के लिए लगाया गया था।

*****